# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Hindu Stan Times | 19.09.2022 | -- | -- |

programs for the benefit of the students.



■ Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University's Krishi Vigyan Kendra, Mahendragarh has been awarded the Outstanding Krishi Vigyan Kendra award at the national level at a programme held in New Delhi.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20.9.22 | 2 | 1-3 |


• मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह

# पोस्टर स्पर्धा में फतेहचंद महाविद्यालय हिसार की छात्रा प्रगति ने मारी बाजी

सिटी रिपोर्टर • एचएयू में आयोजित प्रतियोगिताओं में कला का बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में लुवास की छात्रा शिवानी ने पहला और राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिसार की छात्रा पायल ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय, हिसार की छात्रा रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा रमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेखाचित्रण प्रतियोगिता में फतेहचंद महाविद्यालय की छात्राओं सिमरन, निहारिका व निशा रानी ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान क्रमशः पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों कर्ण सिंह व अभिषेक चौहान ने तथा तीसरा स्थान मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र उमेश ने प्राप्त किया।



पुरस्कार विजेता एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ।

## भाषा राष्ट्र की एकता और विचारों के विकास के लिए महत्वपूर्ण : वीसी

राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20.9.22 | 5 | 2-5 |

# राष्ट्र की एकता, अखंडता व विचारों के विकास के लिए भाषा जरूरी

## मानविकी महाविद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

जागरण संवाददाता, हिसार : राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता व विचारों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर महाविद्यालयों के सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, वैज्ञानिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


एचएयू में पुरस्कार विजेता कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ। • एचएयू

कुलपति ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए हिंदी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की प्रगति प्रथम, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की रवीना द्वितीय व फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की निहारिका तृतीय रहीं। नारा लेखन में गृह विज्ञान महाविद्यालय की हिमांशी, एकता व तृप्ति क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं। काव्य पाठ में लुवास की शिवानी प्रथम, राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिसार की पायल द्वितीय, राजकीय महाविद्यालय, हिसार की रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की रमन तृतीय, रेखाचित्रण में फतेहचंद महाविद्यालय की सिमरन, निहारिका व निशा रानी जीतीं। भाषण में प्रथम व द्वितीय क्रमशः पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के कर्ण सिंह व अभिषेक चौहान व मतस्य विज्ञान महाविद्यालय के उमेश तृतीय रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20.9.22 | 4 | 1-4 |


# भाषा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. काम्बोज



पुरस्कार विजेता विद्यार्थी कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ।

हिसार, 19 सितम्बर (ब्यूरो): राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कुलपति ने कहा कि संपर्क भाषा बनने के लिए उपयुक्त हिन्दी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। इसके लिए राजभाषा विभाग का गठन किया गया है, जिसका प्रयास है कि सरकारी कार्यालयों में ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में हो।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए हिन्दी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने नारा लेखन, पोस्टर व रेखाचित्रण प्रतियोगिताओं की प्रवृष्टियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में लुवास की छात्रा शिवानी ने पहला और राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिसार की छात्रा पायल ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय, हिसार की छात्रा रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा रमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

रेखाचित्रण प्रतियोगिता में फतेहचंद महाविद्यालय की छात्राओं सिमरन, निहारिका व निशा रानी ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान क्रमशः पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों कर्ण सिंह व अभिषेक चौहान ने तथा तीसरा स्थान मतस्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र उमेश ने प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अजीत समाचार | 20.9.22 | 5 | 6-8 |

## भाषा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास हेतु महत्वपूर्ण : प्रो. काम्बोज



पुरस्कार विजेता कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ।

हिसार, 19 सितंबर (विरेंद्र वर्मा): राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति ने कहा हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है जो देश में 11 राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों में बोले जाने वाली प्रमुख भाषा है। यह हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। परन्तु देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकते हैं। उन्होंने कहा संपर्क भाषा बनने के लिए उपयुक्त हिन्दी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। इसके लिए राजभाषा विभाग का गठन किया गया है जिसका प्रयास है कि सरकारी कार्यालयों में ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में हो। उन्होंने कहा प्रति वर्ष हिन्दी दिवस मनाना भी इसी से जुड़ा है।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, वैज्ञानिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए हिन्दी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20.9.22 | 4 | 2-3 |

# राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी : प्रो. बीआर कांबोज



मौलिक विज्ञान कॉलेज में विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

**माई सिटी रिपोर्टर**

हिसार। राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने व्यक्त किए। वे मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कुलपति ने कहा कि हिंदी यह हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता व आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। इस मौके पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय की छात्रा प्रगति को पहला, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना को दूसरा, एफसी कॉलेज की निहारिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में लुवास की छात्रा शिवानी ने पहला, राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा पायल ने दूसरा स्थान पाया। राजकीय महाविद्यालय की छात्रा रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा रमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 20.9.22 | 8 | 4 |

## 'देश की एकता, अखंडता के लिए भाषा महत्वपूर्ण'

हिसार, 19 सितंबर (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह को कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कुलपति ने कहा कि हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है। देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। उपयुक्त हिन्दी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। प्रति वर्ष हिन्दी दिवस मनाना भी इसी से जुड़ा है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए हिन्दी सप्ताह के दौरान कई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने स्लोगन लेखन, पोस्टर व रेखाचित्रण प्रतियोगिताओं की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महिला महाविद्यालय की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महिला महाविद्यालय की छात्रा निहारिका ने हासिल किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 19.09.2022 | -- | -- |

# भाषा राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. काम्बोज



चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कुलपति ने कहा हिन्दी भारत की राष्ट्र भाषा है जो देश में 11 राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों में बोले जाने वाली प्रमुख भाषा है। यह हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। परन्तु देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकते हैं। उन्होंने कहा संपर्क भाषा बनने के लिए उपयुक्त हिन्दी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, वैज्ञानिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में लुवास की छात्रा शिवानी ने पहला और राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिसार की छात्रा पायल ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय, हिसार की छात्रा रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा रमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेखाचित्रण प्रतियोगिता में फतेहचंद महाविद्यालय की छात्राओं सिमरन, निहारिका व निशा रानी ने बाजी मारी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 19.09.2022 | -- | -- |


# भाषा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. काम्बोज

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्रकी एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए व्यक्त किए।

कुलपति ने कहा हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है जो देश में बोले जाने वाली प्रमुख भाषा है। यह हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। परन्तु देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकते हैं। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कुलपति ने हिन्दी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने नारा लेखन, पोस्टर व रेखाचित्रण प्रतियोगिताओं की प्रवृष्टियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



फोटो कुलपति कैप्शन- पुरस्कार विजेता कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ

## प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रगति, दूसरा स्थान रवीना और तीसरा स्थान निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में शिवानी ने पहला और पायल ने दूसरा और रिकी व रमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेखाचित्रण प्रतियोगिता में सिमरन, निहारिका व निशा रानी ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान क्रमशः कर्ण सिंह व अभिषेक चौहान ने तथा तीसरा स्थान उमेश ने प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 19.09.2022 | -- | -- |

## हिन्दी भाषा पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु : कुलपति

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 19 सितंबर

हिसार। राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने व्यक्त किए। वे मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति ने कहा हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है जो देश में 11 राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों में बोली जाने वाली



प्रमुख भाषा है। यह हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। परन्तु देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकते हैं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कुलपति ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से मनाए गए हिन्दी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने नारा लेखन, पोस्टर व रेखाचित्रण प्रतियोगिताओं की प्रविष्टियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महाविद्यालय की छात्रा निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में लुवास की छात्रा शिवानी ने पहला और राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा पायल ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय की छात्रा रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा रमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेखाचित्रण प्रतियोगिता में फतेहचंद महाविद्यालय की छात्राओं सिमरन, निहारिका व निशा रानी ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान क्रमशः पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों कर्ण सिंह व अभिषेक चौहान ने तथा तीसरा स्थान मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र उमेश ने प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 19.09.2022 | -- | -- |

# भाषा राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने व्यक्त किए। वे विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति ने कहा हिन्दी भारत की राजभाषा है जो देश में 11 राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों में बोले जाने वाली प्रमुख भाषा है। यह हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है। परन्तु देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकते हैं। उन्होंने कहा संपर्क भाषा बनने के लिए उपयुक्त हिन्दी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। इसके लिए राजभाषा विभाग का गठन किया गया है जिसका प्रयास है कि सरकारी कार्यालयों में ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में हो। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, वैज्ञानिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए हिन्दी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने नारा लेखन, पोस्टर व रेखाचित्रण प्रतियोगिताओं की प्रविष्टियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



**प्रतियोगिताओं में ये रहे विजेता**

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा प्रगति, दूसरा स्थान मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की छात्रा रवीना और तीसरा स्थान फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की छात्रा निहारिका ने हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं हिमांशी, एकता व तृप्ति ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में सुचाल की छात्रा शिवानी ने पहला और राजकीय कन्या महाविद्यालय, हिसार की छात्रा पायल ने दूसरा और राजकीय महाविद्यालय, हिसार की छात्रा रिंकी व पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्रा रमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेखाचित्रण प्रतियोगिता में फतेहचंद महाविद्यालय की छात्राओं सिमरन, निहारिका व निशा रानी ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता में पहला व दूसरा स्थान क्रमशः पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के छात्रों कर्ण सिंह व अभिषेक चौहान ने तथा तीसरा स्थान मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के छात्र उमेश ने प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिन्दुस्थान समाचार | 19.09.2022 | -- | -- |

## हिसार: राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी : प्रो. बीआर कम्बोज

19 Sep 2022 19:51:37



हिसार, 19 सितम्बर (हि.स.)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा है कि राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए भाषा का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और विचारों के विकास के लिए भाषा बहुत महत्वपूर्ण है। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज सोमवार को विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कुलपति ने कहा कि हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा है जो देश में 11 राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों में बोले जाने वाली प्रमुख भाषा है। यह हमारे पारम्परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु है परन्तु देश में तकनीकी और आर्थिक विकास के साथ अंग्रेजी भाषा का प्रचलन पूरे देश में बढ़ता जा रहा है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकते हैं। उन्होंने कहा संपर्क भाषा बनने के लिए उपयुक्त हिन्दी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार भी प्रयासरत है। इसके लिए राजभाषा विभाग का गठन किया गया है जिसका प्रयास है कि सरकारी कार्यालयों में ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में हो। उन्होंने कहा प्रति वर्ष हिन्दी दिवस मनाना भी इसी से जुड़ा है।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने अतिथियों व विजेताओं का स्वागत करते हुए हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा ने आने वालों का आभार जताया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक, वैज्ञानिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति ने मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के भाषा एवं हरियाणवी संस्कृति विभाग की ओर से हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए गए हिन्दी सप्ताह दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने नारा लेखन, पोस्टर व रेखाचित्रण प्रतियोगिताओं की प्रवृष्टियों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

हिन्दुस्थान समाचार/राजेश्वर/संजीव

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| इटीवी भारत | 19.09.2022 | -- | -- |

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मेले का आयोजन, किसानों के लिए उन्नत किस्म के बीजों की लगी प्रदर्शनी







चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20.9.22 | 4 | 1 |

## अखिल भारतीय कुलपति क्रिकेट टी-20 कप 3 नवंबर से

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का 18वां अखिल भारतीय कुलपति क्रिकेट टी-20 कप टूर्नामेंट 3 नवंबर से शुरू होगा। संघ के प्रधान दिनेश राड़ बताया कि एचएयू में होने वाली प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयों से 24 टीमें भाग लेंगी। इन टीमों में यूनिवर्सिटी के कर्मचारी ही हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता को आयोजित करवाने में कुलपति के ओएसडी एवं छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, हौटा प्रधान डॉ. कर्मल मलिक, सचिव कुलपति कपिल अरोड़ा, डॉ. बलजीत गिरधर का विशेष योगदान है। इस अवसर पर हौटिया महासचिव रामपाल, उप-प्रधान रामकीर्तन यादव, सचिव सुभाष चंद्र शर्मा, सह सचिव भगवान दास, संगठन सचिव कुलदीप डाबड़ा, खजांची रमेश कांटीवाल व रोहतास आदि उपस्थित रहे। ब्यूरो